Summative Assessment - I (2014-15)

Class - **VIII**

Subject - **Hindi**

Time : 2½ hrs. M. M. : 90

निर्देशः– *(i)* इस प्रश्न–पत्र के चार खण्ड़ हैं– क, ख, ग, घ।

(ii) सभी खण्ड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः लिखिए।

(खण्ड–क) (अपठित बोध) **(20)**

प्र०1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **(5)**

जल मनुष्य की बुनियादी आवश्यकता है। स्वच्छ जल न मिलने के कारण गाँवों तथा शहरों की घनी आबादी में रहने वाले लोग अनेक रोगों के शिकार हो रहे हैं। प्रतिवर्ष अनेक लोग जल–प्रदूषण से उत्पन्न रोगों के कारण मर रहे हैं। गाँवों तथा शहरों की गंदी नालियों एवं नालों का पानी नदी में गिरकर उसे दूषित बना रहा है। नदियों में पालतू जानवरों को नहलाने तथा कपड़े धोने से भी जल प्रदूषित होता है। कारखानों से निकलने वाला कचरा भी नदियों के जल में मिलता है और उसे पीने योग्य नहीं रहने देता। गाँवों में पोखरों और जलाशयों में नहाने, धोने तथा पशुओं को नहलाने से जल प्रदूषित हो जाता है, क्योंकि यह बहता हुआ जल नहीं होता।

(i) मनुष्य की बुनियादी आवश्यकता क्या है ?

(क) रोटी (ख) कपड़ा

(ग) मकान (घ) जल

(ii) नदियों में पशुओं के नहलाने और कपड़े धोने से क्या हानि है ?

(क) जल प्रदूषण (ख) जल संरक्षण

(ग) जल आपदा (घ) बाढ़

(iii) 'प्रदूषण' शब्द में कौन–सा उपसर्ग है?

(क) प्रद (ख) प्रा

(ग) प्रदू (घ) प्र

(iv) 'दूषित' शब्द में कौन–सा प्रत्यय है?

(क) त (ख) इत

(ग) ईत (घ) ईय

(v) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

(क) जल प्रदूषण (ख) पशु : एक समस्या

(ग) जल आपदा (घ) रुका हुआ जल

प्र०2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **(5)**

स्वस्थ शरीर वाला मनुष्य ही इस संसार के सभी प्रकार के सुखों को भोग सकता है तथा सुखमय जीवन बिता सकता है। स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन तथा व्यायाम दोनों ही अति आवश्यक हैं। व्यायाम करने का भी ढंग होता है। इसे करते समय सदा कुछ सावधानियाँ बरतनी चाहिएँ। पहली सावधानी यह है कि आयु, समय व शरीर की क्षमता

के अनुसार ही व्यायाम करना चाहिए। दूसरी सावधानी यह है कि सही व्यायाम का चुनाव करना चाहिए तथा व्यायाम की उचित मात्रा निश्चित करनी चाहिए। तीसरी सावधानी यह है कि शुद्ध वायु, प्रकाश वाले खुले स्थान में व्यायाम करना चाहिए। व्यायाम के तुरंत बाद स्नान नहीं करना चाहिए। व्यायाम के अनेक लाभ हैं–इससे शरीर में शुद्ध रक्त का संचार होता है, भोजन ठीक से पचता है, शरीर पुष्ट बन जाता है, थकान कम अनुभव होती है तथा मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है।

(i) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है :
(क) व्यायाम से हानि (ख) पौष्टिक भोजन
(ग) व्यायाम के लाभ (घ) शुद्ध हवा

(ii) स्वस्थ शरीर का स्वामी मनुष्य कैसा जीवन व्यतीत करता है ?
(क) सुखी जीवन (ख) नारकीय जीवन
(ग) दुखी जीवन (घ) असफल जीवन

(iii) स्वस्थ शरीर के लिए क्या आवश्यक है?
(क) शुद्ध हवा–पानी (ख) पौष्टिक भोजन और व्यायाम
(ग) हवा और व्यायाम (घ) पानी और भोजन

(iv) व्यायाम करने के क्या लाभ है ?
(क) मस्तिष्क अस्वस्थ रहता है (ख) शरीर मोटा होता है
(ग) भोजन नहीं पचता (घ) मन तथा मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं

(v) 'सुखमय' का विलोम शब्द है:
(क) स्वर्णमय (ख) दुखमय
(ग) कष्टमय (घ) हिरण्य

प्र०3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (5)

फूलों से नित हँसना सीखो, भौरों से नित गाना,
झुकी डालियों से सीखो तुम, गुरु को शीश झुकाना।
दीपक से सीखो जितना हो सके अँधेरा हरना,
धरती से सीखो प्राणी की सच्ची सेवा करना।

(i) हम फूलों से क्या सीख सकते हैं?
(क) हँसना (ख) खिलना
(ग) मुरझाना (घ) कर्म करना

(ii) झुकी डालियों से हम क्या सीखते हैं?
(क) विनम्र रहकर सबका सम्मान करना (ख) सबको फल देना
(ग) सदा शांत रहना (घ) सदा मुस्कराते रहना

(iii) धरती से हमें क्या सीखने को मिलता है?
(क) घूमते रहना (ख) निःस्वार्थ भाव से प्राणियों की सेवा
(ग) हमेशा कार्यरत रहना (घ) हमेशा कर्त्तव्य का पालन करना

(iv) 'दीपक' कौन–सा शब्द है?
(क) तत्सम (ख) तद्भव
(ग) देशज (घ) विदेशी

(v) सही शीर्षक लिखिए–

(क) प्रकृति हमारी शिक्षिका
(ख) संघर्ष
(ग) फूलों का महत्व
(घ) निःस्वार्थ सेवा

प्र०4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– **(5)**

मिट्टी में स्वर है, संयम है, होनी अनहोनी कह जाए।
हँसकर हलाहल पी जाए, छाती पर सब कुछ सह जाए।।
यूँ तो ताशों के महलों–सी, मिट्टी की वैभव बस्ती क्या।
भूकंप उठे तो ढह जाए, बाढ़ आए तो बह जाए।।

(i) पद्यांश के उपयुक्त शीर्षक है :

(क) अनहोनी कहानी
(ख) मिट्टी की महिमा
(ग) बाढ़ की महिमा
(घ) हमारी कहानी

(ii) मिट्टी में क्या है ?

(क) हलाहल
(ख) धैर्य
(ग) हँसी
(घ) साहस

(iii) मिट्टी द्वारा बनाई गई बस्ती कैसी है?

(क) आँधी–सी
(ख) तूफान सी
(ग) पत्थर–सी
(घ) ताशों के महलों–सी

(iv) 'जहर' का पर्यायवाची है:

(क) अमिय
(ख) पीयूष
(ग) हलाहल
(घ) वैभव

(v) भूकंप आने पर बस्ती का क्या होता है?

(क) ढह जाती है
(ख) बह जाती है
(ग) उड़ जाती है
(घ) सह जाती है

(खण्ड–ख) (25)

प्र०5. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **(3)**

(i) उपभाषाओं को ______________ वर्गों में विभाजित किया गया है।
(ii) वर्ण ध्वनियों के ______________ रूप होते हैं।
(iii) हिंदी लगभग ______________ भारतीयों की मातृभाषा है।

प्र०6. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द छाँटकर खाली स्थान में भरिये : **(3)**

(i) अर्धवार्षिक परीक्षा के कल ______________ निकलेंगे। (परिमाण, परिणाम)
(ii) आज बहुत शीतल ______________ बह रही है। (अनिल, अनल)
(iii) पक्षी पेड़ों पर अपना ______________ बनाते हैं। (नीड़, नीर)

प्र०7. निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्गों का प्रयोग करके शब्द निर्माण कीजिए: **(3)**

(i) गुण ______________
(ii) मान ______________
(iii) होनी ______________

प्र08. कोष्ठक में दिए गए शब्दों से संज्ञा का उचित रूप बनाकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए: (3)

(i) महात्मा गाँधी ने ______________ के बल पर ब्रिटिश सरकार को पराजित किया। (अहिंसक)

(ii) हमें अपने ______________ पर विश्वास होना चाहिए। (पुरुष)

(iii) ______________ क्रोध को जन्म देता है। (अहं)

प्र09. निम्नलिखित विराम–चिह्नों के नामों के सामने उनके चिह्न लगाइए– (3)

(i) लाघव – चिह्न ☐

(ii) निर्देशक – चिह्न ☐

(iii) कोष्ठक – चिह्न ☐

प्र010. निम्नलिखित वाक्यों में आवश्यकतानुसार लिंग परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए: (2)

(i) मैराथन में भारत की धाविकाओं ने जीत हासिल की।

(ii) घर में नौकरानी झाड़ू लगा रही है।

प्र011. निम्नलिखित वाक्यों में आए रंगीन वाक्यांशों के लिए उचित शब्द लिखिए : (2)

(i) नवरात्रों के दिन <u>मांस खाने वाले</u> भी सब्जियाँ खाते हैं।

(ii) <u>इतिहास से संबंधित</u> इमारतों को देखने का किराया लगता है।

प्र012. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित क्रियाविशेषण भरिए : (2)

(i) जरा ______________ चलो।

(ii) बस के सामने एक बच्चा ______________ आ गया।

प्र013. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए: (2)

(i) कलई खुलना

(ii) घोड़े बेचकर सोना

प्र014. निम्नलिखित शब्दों में जो उचित अर्थ नहीं है, उस पर (X) का निशान लगाइए: (2)

(i) आधि – अभिशाप, धरोहर, आधा

(ii) कटक – सेना, काँटा, समूह

(खण्ड–ग) (30)

प्र015. निम्नलिखित अति लघु प्रश्नों के उत्तर (कोई तीन) लिखिए– (1 × 3 = 3)

(i) अब्दुल और जहूर कौन थे ?

(ii) रानी शुकदेई किसके विरुद्ध युद्ध के लिए तैयार थी?

(iii) खिलौनों के खोने से क्या नहीं मरता है?

(iv) रक्तचाप किसे कहते हैं?

प्र०16. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए–** **(2 × 3 = 6)**

(i) 'मोती व्यर्थ लुटाने वालों' से क्या तात्पर्य है?

(ii) बूढ़ा आदमी क्या गुहार लगा रहा था?

(iii) अध्यापक ने नवीन को शाबाशी देते हुए क्या कहा?

(iv) युवाओं को अपने कंधों पर किसका भार उठाना है?

प्र०17. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए–** **(3 × 4 = 12)**

(i) जहूर ने अपनी गलती का पछतावा करते हुए अब्दुल से क्या कहा?

(ii) मिट्टी अविनश्वर है। सिद्ध कीजिए।

(iii) तेज हवा चलने पर भी अंगूर की बेल पर एक हरा पत्ता ज्यों–का–त्यों देखकर जानसी ने सूमेन से क्या कहा?

(iv) इतनी बड़ी दुर्घटना होने के बाद अस्पताल का वातावरण कैसा हो गया था। विस्तारपूर्वक लिखिए।

(v) डूबते हुए सुनील को किसने और कैसे बचाया?

(vi) अधिक मात्रा में पानी पीने से शरीर की कार्य–प्रणाली सरलता से संचालित होती रहेगी, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

प्र०18. **निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर में (✓) का निशान लगाकर रिक्त स्थान भरिए–** **(2)**

(i) ____________________ शब्द 'आँसू' का पर्यायवाची है।

जीवन ○ अश्रु ○ दर्पण ○

(ii) ____________________ शब्द 'निशा' का पर्यायवाची है।

धूप ○ समीर ○ रात ○

(iii) ____________________ शब्द 'दिन' का पर्यायवाची है।

तरु ○ दिवस ○ सुबह ○

(iv) ____________________ शब्द 'तम' का पर्यायवाची है।

लौ ○ उजाला ○ अँधेरा ○

प्र०19. **निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार के अर्थ लिखिए।** **(2)**

शरणागत, विजातीय, सजीव, क्षमता, मुखड़ा

प्र०20. **दिए गए वाक्यों में (✓) या (X) निशान लगाइए–** **(2)**

(i) सुखई खेल में रेफरी का काम कर रहा था। ( )

(ii) अब्दुल जहूर का दोस्त था। ( )

(iii) आरक्षण वाली सूची में रानू का भी नाम था। ( )

(iv) रानू सरदियों की छुट्टी में एक माह के लिए डाल्टनगंज गया हुआ था। ( )

प्र०21. **किसने, किससे कहा? सही उत्तर में (✓) निशान लगाइए–** **(3)**

(i) "शुक्र है हाथ–पाँव की हड्डी नहीं टूटी और कोई गंभीर चोट नहीं लगी।

(क) अध्यापक ने शोभित से ( ) (ख) दोस्तों ने शोभित से ( )

(ii) मुझे लगता है कि जानसी ने खुद अपने जीने की इच्छा छोड़ दी है।

(क) डॉक्टर ने सूमेन से ( ) (ख) सूमेन ने डॉक्टर से ( )

(iii) पागल हो गई है यह लड़की। भला पत्ते गिरने से कोई मरा है।

(क) सूमेन ने बहरमन से (   )   (ख) बहरमन ने सूमेन से (   )

(खण्ड–घ)

(15)

प्र०22. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए– (5)

(i) देश को खोखला करता आतंकवाद

(ii) बढ़ती जनसंख्या का प्रकोप

(iii) विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता

प्र०23. अपने छोटे भाई को पशु–पक्षियों के प्रति अच्छा व्यवहार करने की सीख देते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

आप अपने माता–पिता के साथ किसी अत्यावश्यक कार्यवश मुंबई जा रहे हैं, चार दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्र०24. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए– (5)

(i) चिड़िया के घोंसले के बारे में भाई–बहन की बातचीत।

(ii) नागराजन के घर पर राजप्पा व कामाक्षी की बातचीत।

अथवा

किसी एक विषय पर विज्ञापन–रचना रंगों सहित कीजिए–

(i) प्यास बुझाए, ताजगी जगाए आमरस

(ii) गरमी हो या बरसात सदा आपके साथ प्रकाशछाते